PUBLICATION NAME : Rajasthan Patrika

EDITION : Ahmedabad

DATE : 24-11-2021

PAGE : 02

1000 रिक्त पदों की भर्ती के लिए उम्मीदवार

ईडीआईआई ने रवांडा में खोला छठा सेंटर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. एंटरप्रेन्योरशिप डवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की ओर से रवांडा की राजधानी किगाली में रवांडा-इंडिया एंटरप्रेन्योरशिपडवलपमेंट सेंटर खोला गया। गत दिनों किगाली में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने इस सेन्टर का उद्घाटन किया। ईडीआईआई की ओर से भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ एक समझौते के तहत की गई है। यह ईडीआईआई की ओर से स्थापित छठां अंतरराष्ट्रीय ईडी केंद्र है। इससे पहले संस्थान ने कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, वियतनाम और उज्बेकिस्तान में भी केंद्र स्थापित किए हैं।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने कहा कि उद्यमी उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए केंद्र मुख्य रूप से स्वदेशी उद्यमियों के बीच उद्यमशीलता की संस्कृति लाते हुए उन्हें पर्याप्त ज्ञान और अनुभव प्रदान करेगा। साथ ही उद्यमिता शिक्षा, प्रशिक्षण और व्यापार सलाहकार सेवाएं शुरू करेगा।

रवांडा में ईडीआईआई टीम कारोबार संबंधी अवसरों की पहचान में भी जुटी हैं और स्थानीय आवश्यकताओं और शर्तों के अनुकूल कम से कम 50 से 70 परियोजना प्रोफाइल विकसित कर रही है।